पेज थ्री देहरादून
देहरादून, मंगलवार, 5 जुलाई 2022 पेज 8
# हमारा दून

पत्रकार वार्ता के दौरानल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व अन्य।




## संक्षिप्त समाचार

### बेरोजगारी दर में अप्रत्याशित वृद्धि सरकार की नाकामी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि सरकार की नाकामी एवं अदूरदर्शिता के चलते बेरोजगारी दर 8.7 फीसदी हो गई है, अगर इन आंकड़ों की धरातल पर बात करें तो ये कहीं अधिक हैं द्य बेरोजगारी दर का बढ़ना बहुत ही चिंता का विषय है। नेगी ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारों की फौज लगातार बढ़ती जा रही है ,लेकिन सरकार ने कभी भी धरातल पर इसकी चिंता नहीं की। सरकार को अगर फिक्र है तो सिर्फ शराब/खनन कारोबारियों की।

### टौंस नदी के किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी

**संवाददाता** देहरादून। गढ़ी कैंट क्षेत्र में टौंस नदी के किनारे घट्टीखोला गांव के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस को शव के पास से ऐसा का कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शिनाख्त के लिए शव को 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### कोरोना योद्धा राजकरण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट एवं सिंह परिवार के सदस्यों ने लखनऊ निवासी गंगा व गौ प्रेमी और कोरोना योद्धा स्वर्गीय राजकरण सिंह ऊर्फ मुन्ना सिंह के भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनकी आत्मा की शान्ति हेतु मौन रखा। जानकीपुल पूर्णानंद घाट गंगा तट पर महिलाओं द्वारा होने वाली माँ गंगा की आरती स्वर्गीय श्री स्वर्गीय राजकरण सिंह ऊर्फ मुन्ना सिंह को समर्पित की। कोरोना संक्रमण काल में उन्होंने जान की परवाह किए बगैर लोगों को संक्रमण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, कोरोना संक्रमण काल के दौरान 1000 लोगों को प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था कराना।

### गुरु पूर्णिमा का दिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अति उत्तम

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज ने कहा कि शताब्दियों पूर्व, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास जी का अवतरण हुआ था। वही वेद व्यास जी, जिन्होंने वैदिक ऋचाओं का संकलन कर चार वेदों के रूप में वर्गीकरण किया था। 18 पुराणों, 18 उप-पुराणों, उपनिषदों, ब्रह्मसूत्र, महाभारत आदि अतुलनीय ग्रंथों को लेखनीबद्ध करने का श्रेय भी इन्हें ही जाता है।

# मानसून के मद्देनजर राजकीय कर्मियों के अवकाश पर सितंबर तक रोक

**आदेश**

- मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश, अपरिहार्य कारणों में ही मिल सकेगा अवकाश
- अब करीब 15 हजार शिक्षकों में से 12 हजार शिक्षकों का तबादला नहीं होगा

**संवाददाता**

देहरादून। मानसून सीजन के मद्देनजर राजकीय कर्मियों के अवकाश पर सितंबर माह तक रोक लगा दी गई है। मुख्य सचिव ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। राजकीय कर्मियों को अपरिहार्य कारणों में ही अवकाश मिल सकेगा।



**अति दुर्गम व दुर्गम के आठ हजार शिक्षक रहेंगे तबादले से वंचितः** वहीं वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम-2017 में 15 प्रतिशत तबादले का नियम यदि प्रभावी रहा तो शिक्षा विभाग में अति दुर्गम व दुर्गम में वर्षों से कार्यरत करीब आठ हजार बेसिक शिक्षक, सहायक अध्यापक व प्रवक्ताओं का इस बार भी सुगम में तबादला नहीं हो पाएगा।

**पिछले दो साल तक नहीं हुआ किसी भी शिक्षक का तबादलाः** विदित रहे कि पिछले दो साल तक कोविड-19 का अत्यधिक प्रसार होने के कारण किसी भी शिक्षक का तबादला नहीं हुआ। ऐसे में सत्र शून्य मान लिया गया। केवल अनिवार्य अनुरोध के तहत कुछ तबादले नियम-27 के तहत किए गए।

इस वर्ष पहाड़ी जनपदों में 15 से 18 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को उम्मीद थी कि उन्हें सुगम विद्यालय मिलेंगे, लेकिन अब करीब 15 हजार शिक्षकों में से 12 हजार शिक्षकों का तबादला नहीं होगा। इनमें से आठ हजार शिक्षक अति दुर्गम व दुर्गम क्षेत्रों से ही हैं।

इस वर्ष विभाग ने तबादले को लेकर प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षकों को आवेदन करने की छूट दी थी। 10 जून 2022 तक प्राप्त आवेदन के बाद शिक्षा विभाग ने मानकों को ध्यान में रखते तबादला सूची तैयार की। जिसमें बेसिक के 7050, सहायक अध्यापक (एलटी) के 4410, प्रवक्ता के 3740 शिक्षकों को शामिल किया गया था।

बीते 30 जून को मुख्य सचिव ने शासनादेश जारी कर वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम-2017 के तहत 15 प्रतिशत तबादले को लेकर निर्देशित किया है। ऐसे में प्रदेशभर के करीब 12 हजार और पर्वतीय जनपदों के दूरदराज स्थित अति दुर्गम व दुर्गम के कार्यरत आठ शिक्षकों को इस साल भी सुगम में स्थानांतरण का इंतजार करना होगा।

### भूस्खलन से कई मार्ग बंद, नदियां उफान पर

देहरादून। उत्तराखंड में मॉनसून आते ही कई जिलों को गर्मी से राहत मिली है, तो वहीं पहाड़ी इलाकों की मुसीबत भी बढ़ी है। जगह-जगह भूस्खलन से मार्ग बंद होने और नदियों के उफान से लोग सहमे हुए हैं।

### भाजपा की वोटों के ध्रुवीकरण की राजनीति देश को कमजोर करने वालीः कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उदयपुर हत्याकाण्ड पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उदयपुर की आतंकी घटना और उसके बाद के घटनाक्रम ने सिद्ध कर दिया है कि, "एक ओर भाजपा न केवल देश में आतंक का माहौल बना कर मतों के ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।" दूसरी ओर कुछ मीडिया समूहों के सहयोग से झूठी खबरें परोस कर अपने प्रवक्ताओं, वरिष्ठ नेताओं से बयान दिलवाकर सुनियोजित तरीके से विपक्ष के नेताओं की छवि खराब करने का सुनियोजित षड्यंत्र कर रही है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि," भाजपा की वोटों के ध्रुवीकरण की ये राजनीति देश और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है। आज भले ही ध्रुवीकरण की सस्ती राजनीति से उसे चुनावी लाभ मिल रहा हो लेकिन, लंबे समय में यह देश की एकता, विकास, खुशहाली और स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है।"

# दिल्ली में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर पहली बैठक

**बैठक**

- मुख्यमंत्री ने तिरुपति बालाजी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के तिरुमाला पर्वत पर स्थित भगवान श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने वेंकटेश्वर से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं कल्याण की कामना की। दूसरी ओर आज दिल्ली के उत्तराखंड सदन में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर पहली बैठक आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश और दिल्ली प्रवास पर है। वह भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भाग लेने के लिए हैदराबाद रवाना गए थे। शनिवार और रविवार को वह बैठक में शामिल हुए थे।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक और पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य त्रिवेंद्र सिंह रावत भी हैदराबाद पहुंचे थे।

दो दिवसीय कार्यकारिणी में प्रदेश से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री व कार्यकारिणी के सदस्य त्रिवेंद्र सिंह रावत समेत कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी हैदराबाद पहुंचे। भाजपा शासित मुख्यमंत्रियों व पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने बैठक में भाग लिया। उन्होंने बैठक की तस्वीरें को अपनी फेसबुक पर भी साझा किया। दूसरी ओर आज दिल्ली के उत्तराखंड सदन में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर पहली बैठक आयोजित की गई है। बैठक के बाद कमेटी की ओर से ब्रीफिंग की जा सकती है। यूसीसी कमेटी में चार सदस्य है।

**रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित की गई है विशेषज्ञ समितिः** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को कानूनी रूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने इसी वर्ष 27 मई को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में छह माह के लिए पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया।

### आईएएस यादव मामले में एक दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

**संवाददाता** देहरादून। आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में जेल में बंद पूर्व आईएएस रामविलास यादव को विजिलेंस कस्टडी रिमांड पर लेगी। विजिलेंस स्पेशल कोर्ट ने एक दिन की पुलिस रिमांड को मंजूर किया है। गिरफ्तारी के पहले विजिलेंस के सवालों का यादव ने जवाब नहीं दिया था। उनके परिवार से भी कोई जानकारी नहीं मिली। शनिवार को यादव की बेटी और बेटा विजिलेंस के सामने आए थे। अब मंगलवार 5 जुलाई को कस्टडी में लेकर विजिलेंस पूछताछ करना चाहती है। विजिलेंस उन्हें नोटिस पर नोटिस भेजती रही, लेकिन उन्होंने जवाब तक देने की जहमत नहीं उठाई, जिसके बाद विजिलेंस ने यादव को पुलिस कस्टडी पर लेने के लिए कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया। आय से अधिक संपत्ति के मामले में निलंबित आईएएस रामविलास यादव को विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।